गृह मंत्रालय, भारत सरकार
(केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल)

नई दिल्ली
दिनांक 11/10/2017

विषय :– केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में 24 नए अधिकारी शामिल : गुरूग्राम में पासिंग आउट परेड का आयोजन

आज केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कादरपुर अकादमी गुरूग्राम में 48वें बैच के सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों का पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। श्री राजीव राय भटनागर, महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने परेड की सलामी ली। सम्बोधित करते हुए महानिदेशक ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के ऐतिहासिक उपलब्धि सरदार पोस्ट का जिक्र करते हुए कहा कि उस दिन से अब तक यह बल कभी पीछे नहीं हटा हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र, जम्मू–कश्मीर और विद्रोह से घिरे पूर्वोत्तर क्षेत्र में मुश्किल चुनौतियों पर काबू पाने के लिए के.रि.पु.बल को जिम्मेदारियां सौंपी गई है, जिसके संचालन में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। श्री भटनागर ने 24 नए अधिकारियों को सलाह देते हुए कहा कि आपने जो 52 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण में जो भी सीखा हैं, उसको ''भावनात्मक बुद्धिमता'' के साथ चुनौतीपूर्ण कार्यों का निष्पादन करना है। उन्होंने नए शामिल प्रशिक्षु अधिकारियों के अभिभावकों को इस महान बल में शामिल होने के लिए प्रेरित करने हेतु प्रशंसा एवं आभार व्यक्त किया।

बाद में मीडिया से बात करते हुए महानिदेशक ने कहा कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के इस 48वें बैच में आर्किटेक्ट, इंजीनियर और डॉक्टर भी शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के हल के मामले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सदैव अग्रणी रहा है और रहेगा।

प्रशिक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसमें डॉ. हरसिमरन सिंह संधू को ऑल राउण्ड बेस्ट/सोर्ड ऑफ ऑनर एवं होम मिनिस्टर कप तथा श्री पाटिल संदिप को परेड कमाण्डर हेतु डायरेक्टर बैटन, श्री कपिल कुमार को आंतरिक विषयों में सर्वश्रेष्ठ होने पर ट्रॉफी से नवाजा गया। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं अन्य केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के वरिष्ठ अधिकारी, जवान तथा उनके परिजन भी उपस्थित थें।

महानिदेशक ने बल के 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस मेडल प्रदान किया।

श्री राजेश प्रताप सिंह, अपर महानिदेशक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कादरपुर अकादमी, गुरूग्राम ने महानिदेश को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा श्री सतपाल कपूर, महानिरीक्षक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

हस्ता0 दि0/–11/10/2017
(डॉ. जी.सी. दास) भा.सू.से.
जन सम्पर्क अधिकारी, के.रि.पु.बल